भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 714
सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

उन्नयन हेतु पर्यटन स्थलों की पहचान करना

714. श्री संतोष पान्डेयः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रसाद योजना के तहत वर्ष 2021 से लेकर अब तक विकास और उन्नयन के लिए चिह्नित किए गए धार्मिक और पर्यटन स्थलों के नाम क्या हैं;

(ख) उक्त योजना के तहत कार्य की मदों का ब्यौरा क्या है और छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में प्रत्येक मद के लिए अलग से कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है;

(ग) इसका काम शुरू करने और पूरा करने की निर्धारित तारीख क्या है और पूरा किए गए काम का प्रतिशत कितना है और उसके तहत कितनी धनराशि का भुगतान किया गया है; और

(घ) निर्धारित तिथि होने के बावजूद काम पूरा न होने के क्या कारण हैं और काम पूरा न करने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों का ब्यौरा क्या है तथा उक्त कार्यों के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : वर्ष 2021 से प्रशाद योजना के अंतर्गत चिह्नित धार्मिक तथा पर्यटक स्थलों की सूची संलग्न अनुबंध में दी गई है ।

(ख) : प्रशाद योजना के अंतर्गत मां बम्लेश्वरी देवी, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ की विकास परियोजना को अक्तूबर, 2020 में 43.33 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से स्वीकृति दी गई थी । लागत सहित अनुमोदित निर्माण कार्य का मद-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है :

क्र. सं.	अनुमोदित कार्य का नाम	स्वीकृत लागत (लाख रु. में)
1.	मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास	7.47
2.	प्रयागगिरी का विकास	5.42
3.	तीर्थ यात्रा सुविधा केंद्र का विकास	28.38

(ग) : इस परियोजना को 24 माह के भीतर पूरा किया जाना था । इस समय परियोजना में 43.5% की समग्र भौतिक प्रगति हुई है । पर्यटन मंत्रालय द्वारा इस परियोजना के लिए अभी तक 24.33 करोड़ रु. की राशि जारी की गई है ।

(घ) : पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं का कार्यान्वयन संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है । परियोजना के अनुमोदन के समय राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन अपने नियंत्रणाधीन किसी एजेंसी को कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नामित करता है और उस एजेंसी के माध्यम से परियोजना को कार्यान्वित किया जाता है । इस परियोजना के शीघ्र समापन के लिए राज्य सरकार से निरंतर संपर्क किया जा रहा है ।

*****

अनुबंध

उन्नयन हेतु पर्यटन स्थलों की पहचान करने के संबंध में दिनांक 12.12.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 714 के भाग (क) के उत्तर में विवरण

प्रशाद योजना के तहत प्रमुख परियोजना श्रेणी के अन्तर्गत वर्ष 2021 से चिह्नित तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों की सूची:

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	चिह्नित गंतव्य का नाम
1	आंध्र प्रदेश	अन्नावरम मंदिर टाउन
		वेदगिरी लक्ष्मी नरसिम्हास्वामी मंदिर, नेल्लोर
2	असम	गुवाहाटी
3	बिहार	सीतामढ़ी जिले का पुनौराधाम
4	चंडीगढ़	चंडीगढ़ शहर
5	गुजरात	पावागढ़ में कालिका माता मंदिर
		गांधीनगर में रूपल में वरदायिनी माता का मंदिर
6	मध्य प्रदेश	सीहोर का विंध्यवासिनी बीजासन देवी मंदिर सलकनपुर
7	मणिपुर	हीबोक महादेव मंदिर, इम्फाल, विशुपुर में विष्णु मंदिर और मणिपुर का हियांगथांग लाईवेम्बी मंदिर
8	मिजोरम	आइज़ोल, ऐलवांग, खॉरूहलियान और लुंगलेई - सेरकॉन
9	नागालैंड	जुन्हेबोटो
10	तेलंगाना	भद्राचलम मंदिर
		रुद्रेश्वर मंदिर "रामप्पा"
11	सिक्किम	रांगपो
12	उत्तराखंड	बागेश्वर (बागनाथ धाम)
13	उत्तर प्रदेश	अयोध्या

प्रशाद योजना के तहत लघु परियोजना श्रेणी में पहचाने गए स्थलों की सूची:

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	चिह्नित गए गंतव्य का नाम
1	मिजोरम	चांगसिल, सैरंग, आइजोल जिला
		बेथेल मंत्रालय, लेंगटे, ममित जिला
		वांगछिया, चम्फाई जिला
2	मध्य प्रदेश	मुरैना जिले का शनिचरा मंदिर

		दतिया का श्री पीतम्बरा पीठ, हिंदू मंदिर का एक परिसर
		ओरछा
3	नागालैंड	लक्ष्मी मंदिर दीमापुर
4	त्रिपुरा	भुवनेश्वरी मंदिर, गोमती
		तीर्थमकुच गोमती
5	तेलंगाना	श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर, मान्यमकोंडा, महबूबनगर
		दिचपल्ली रामालयम, निजामाबाद जिला
		श्री राजा राजेश्वर मंदिर, वेमुलावाड़ा राजन्ना सिरचिल्ला जिला
		कुदाल घाटी रामलिंगेश्वर देवस्थानम, सिद्दीपेट
		बालकमपेट हैदराबाद में देवी येल्लम्मा मंदिर
		रंगारेड्डी जिले के अमंगल में देवी मैसिगंडी मैसम्मा मंदिर
6	छत्तीसगढ	मडकुद्वीप, मुंगेली में शिव मंदिर
		मां चंद्रहासिनी देव प्रथम मंदिर, जांजगीर- चांपा
7	कर्नाटक	श्री माधवावन, कुंजारुगिरी, उडुपी जिला
		पापनाश मंदिर, बीदर जिला
		श्री रेणुका यल्लम्मा मंदिर, सौदत्ती, बेलगावी जिला
8	तमिलनाडु	नवगृह मंदिर
9	मेघालय	गारो बैपटिस्ट क्रिमा एसोसिएशन के छह स्थानों पर सौर प्रकाश व्यवस्था और सामान्य सुधार
		मोकलगोंचू बैपटिस्ट चर्च, वेस्ट गारो हिल्स
10	राजस्थान	श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर
		श्री कपिल मुनि मंदिर, कोलायत जी, बीकानेर

*****